कुरनेलियुस के मामले में प्रश्न

प्रश्नः मसीहियों द्वारा सेना में नौकरी करने के प्रश्न पर कुरनेलियुस का मामला क्या प्रकाश डालता है?

उत्तरः यह मामला मसीहियों द्वारा सेना में नौकरी के बारे में बहुत ही कम प्रकाश डालता है। कई तो इस तथ्य को कि कुरनेलियुस एक सैनिक था और उसके बपतिस्मे के बाद उसमें आने वाले बदलाव का कोई संकेत नहीं है, यह प्रमाणित करने के लिए इस्तेमाल करते हैं कि मसीही लोग सेना में नौकरी कर सकते हैं। दूसरे टीकाकारों का सुझाव है कि ख़ामोशी से बना तर्क मज़बूत नहीं होता। जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने टिप्पणी की, ''यह किसी सिपाही के मसीही बनने की घटना है, किसी मसीही के सिपाही बनने की नहीं। यह पहले वाले के लिए पूर्ववर्ती बातों की पूर्ति करता है, बाद वाले के लिए नहीं।''[1] जहां तक मुझे याद है, कलीसिया के सदस्यों के लिए यह स्पष्ट नहीं था कि मसीही लोग सेना में नौकरी कर सकते हैं या नहीं; परन्तु जहां तक मुझे ज्ञात है, इस मुद्दे से कभी किसी मण्डली में फूट नहीं पड़ी। यह एक ऐसा विवाद है जिसे वचन में स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया, और इसलिए यह विचार की बात है जो रोमियों 14 के सिद्धांतों से संचालित होनी चाहिए:''हर एक अपने ही मन में निश्चय कर ले'' (आयत 5), और ''हर एक'' उसके साथ सहनशीलता दिखाए जो उससे सहमत न हो।

प्रश्नः क्योंकि कुरनेलियुस और उसके मित्रों को ''वही दान'' मिला जो प्रेरितों को मिला था, तो क्या उन्हें वैसी ही शक्तियां मिलीं? क्या वे मुर्दों को जिला सकते थे जैसे पतरस ने प्रेरितों 9 में जिलाया? क्या वे प्रेरितों की तरह लोगों पर हाथ रखकर उन्हें चमत्कारी शक्तियां दे सकते थे (प्रेरितों 8:18)?

उत्तरः इस बारे में लूका ने बताया नहीं। बहुत कुछ है जो हम कुरनेलियुस और उसके मित्रों के बाद के इतिहास के बारे में जानना चाहते हैं, परन्तु पवित्र आत्मा को नहीं लगा कि हमारे लिए उन्हें जानना आवश्यक है। यह सम्भव है कि प्रेरितों के पास बहुत सी शक्तियां होंगी क्योंकि वे प्रेरित *थे,* केवल इसलिए नहीं कि उन्हें पवित्र आत्मा का बपतिस्मा मिला था। यदि ऐसी बात थी, तो कुरनेलियुस और उसके घराने को वैसी ही शक्तियां नहीं मिली। निश्चय ही, कुरनेलियुस और अन्यों को *कुछ* चमत्कारी योग्यताएं मिली थीं। अन्य दानों में, उनमें से एक या अधिक ने शायद *भविष्यवाणी* का दान पाया था ताकि वे परमेश्वर की इच्छा को जान सकें और पतरस के जाने के बाद एक मण्डली के रूप में कार्य करते रहें।

प्रश्नः क्या कुरनेलियुस *और उसके घराने का* बपतिस्मा यह प्रमाणित करता है कि ''शिशुओं का बपतिस्मा'' वचन के अनुसार है?

उत्तरः नहीं। कई लोगों का *मानना* है कि कुरनेलियुस के घराने में शिशु थे और उनका बपतिस्मा हुआ था। तथापि, कुरनेलियुस के घराने में बपतिस्मा लेने वाले सभी लोगों ने पहले वचन *सुना* (प्रेरितों 10:33; 15:7), यीशु में *विश्वास किया* (प्रेरितों 10:43; 15:7, 9), और फिर *मन फिराया* (प्रेरितों 11:18)। बच्चे इन शर्तों को पूरा नहीं कर सकते।